प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, क्योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें
https://dainikyashonnati.com

वर्ष 8+15 अंक 43 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी सोमवार 05 जून 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-2 सिवनी समाचार ..... पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

पीपरडाही प्राचार्य के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित

सिवनी यशो:- विद्यालय परिवार उनके कार्यो को सदैव याद रखेगा। उनकी कुशल कार्यक्षमता व उत्कृष्ट योगदान हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। ये सेवानिवृत्त जरूर हुई हैं पर सेवा के दायित्वों से नहीं। इनके मार्गदर्शन की हमें हमेशा अपेक्षा रहेगी। उक्त बातें शासकीय माध्यमिक विद्यालय पीपरडाही के शाला परिवार ने बुधवार को विद्यालय प्रांगण में आयोजित सेवानिवृत्त शिक्षिक सी आर मार्स्कोले के विदाई समारोह को संबोधित करते हुए कही।

इस अवसर पर विद्यालय एवम संकुल केंद्र के शिक्षक शिक्षिकाओं ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। सभी ने उन्हें पुष्पमाला पहनाकर उनके सेवाकाल की चर्चा की। सेवानिवृत्त हुए प्राचार्य को सम्मानित किया गया। इस मौके पर कल्पना बरमैया ,वर्षा सराठे, अंगूरा टेकाम, ब्रजभान मरावी, संतोष सिरसाम ,राजेश्वरी चौधरी,केशव कुमार उसराठे ,आशीष डेहरिया ,रचना सनोडिया आदि उपस्थित रहे।

बस कन्डेक्टर पर छेड़खानी का आरोप

सिवनी यशो:-सिवनी जिले के घंसौर तिरुपति बस सर्विस के कन्डेक्टर पर लकड़ी से छेड़खानी का आरोप लगा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिवनी जिले लखनादोंन से एक बालिका बस में बैठकर घंसौर जा रही थी। दोपहर को तिरुपति बस के कंडेक्टर ने लडकी के साथ बदतमीजी करना शुरू कर दिया। लडकी ने बताया कि कंडेक्टर उससे अपना मोबाइल नंबर मांग रहा था। उसके घर का पता मांग रहा था। और कुछ गलत अशोभनीय कृत्य कर रहा था। जो की लडकी को अच्छा नहीं लगा और उसने कंडेक्टर को बोला की भैया मैं आपको अपना नंबर क्यों दूं। और आप मेरे साथ ऐसे बदतमीजी क्यों कर रहे हैं। मामला बढ़ता गया और लडकी ने अपनी मां ओर दोस्त को मैसेज कर दिया। तभी घंसौर के समीप बस को रोककर पुलिस को शिकायत की गई। बस कंडेक्टर का कहना है कि मैंने लडकी से कोई बदतमीजी नहीं की। मैंने किसी प्रकार का कोई मोबाइल नंबर नहीं मांगा। वहीं पुलिस ने लड़की की शिकायत बस कन्डेक्टर रोहाणी भारद्वाज पर मामला दर्ज कर लिया है।

जबरन नॉलेज

पी ओ और जिओ- काका हा हा हा

विश्व पर्यावरण दिवस पर होगा शनि मन्दिर पलारी में पौधारोपण



सिवनी यशो:-जिला मुख्यालय से नागपुर मार्ग पर ग्राम पलारी की बंजर पहाड़ीया आज वनों व वीभन्न पेड़ो से आच्छादित है,यहां भगवान शनि देव के पूजन के लिये सनातन धर्मी हर दिन आते है वही विगत 6 वर्षो से इस पहाड़ी पर पर्यटकों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिये विधायक मुनमुन राय द्वारा दी गई निधि की राशि से हवन शाला,सामुदायिक भवन,सड़क,व नक्षत्र वाटिका भी बनाई गई है।

हर वर्ष इस टेकरी पर समिति द्वारा जून जुलाई माह में पौधारोपण किया जाता है,इस वर्ष भी 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर श्री शनि धाम पलारी ट्रस्ट व सिवनी सायकल आन के संयुक्त तत्वावधान में सुबह 7 बजे पौधारोपण किया जाएगा।।

आयोजको ने नगर के सभी समाजिक धार्मिक राजनीतिक व पर्यावरण के छेत्र में सक्रिय संस्थाओं व पर्यावरण प्रेमियों से इस आयोजन में शामिल होने का अनुरोध किया है।

कांग्रेसी कमीशन खोरी के कारण ठेकेदार की आरती उतार रहे - ज्ञानचंद

सड़को की गुणवत्ता के मामले में कांग्रेसी पार्षद कर रहे बचाव

सिवनी यशो:- भाजपा पार्षदों द्वारा नगर पालिका के माध्यम से कराए जा रहे कार्यों पर गुणवत्ता को लेकर ठेकेदार पर जो आरोप लगाए गए थे उसका बचाव ठेकेदार की जगह कांग्रेसी पार्षदों द्वारा किया जाना इस बात को प्रमाणित करता है कि कांग्रेसियों के मुंह से कार्य नहीं कमीशन बोल रहा है। भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, कमीशन बाजी कांग्रेस का चरित्र रहा है जो नपा में उनके कारनामों से उजागर भी हो रहा है।

उक्ताशय की प्रतिक्रिया भाजपा पार्षद दल के नेता ज्ञान चंद सनोडिया द्वारा कांग्रेसी पार्षदों के उस बयान पर व्यक्त की गई है जिसे उन्होंने ठेकेदार के गुणवत्ता विहीन कार्यो का बचाव करने हेतु जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि नपा में भाजपा के अध्यक्ष रहते हुए नगर के हर विकास कार्य में बाधा डालने और रुकावट खड़ी करने वाले कांग्रेसी पार्षद आज स्वंय को विकास का मसीहा साबित करने का कुप्रयास कर रहे हैं।

श्री सनोडिया ने आरोप लगाया कि जिस राधिका कंस्ट्रेक्शन के द्वारा पूर्व में मॉडल रोड बनाए जाने पर कांग्रेसियों ने उक्त ठेकेदार के खिलाफ जमकर बयानबाजी और आंदोलन किए थे आज वही कांग्रेसी कमीशन खोरी के चलते उसकी आरती उतार रहे हैं। यह कांग्रेस के भ्रष्ट आचरण और दोहरे चरित्र का प्रमाण है।

श्री सनोडिया ने कहा कि, श्रेय लेने के लिए कांग्रेसी शर्म की हदें किस तरह लांघ जाते हैं उसका उदाहरण दलसागर तालाब के सौंदर्यीकरण और सड़कों के निर्माण तथा जीर्णोद्धार कार्य को कांग्रेस द्वारा नपा के माध्यम से कराए जाने का कांग्रेसी पार्षद दावा कर रहें हैं। हकीकत यह है कि दलसागर के सौंदर्यीकरण के लिए 9 करोड रुपए से अधिक, 13 सड़कों के लिए 3 करोड रुपए तथा नगर की तीन सड़कों के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण के लिए 45 करोड की राशि प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा स्वीकृत की गई है। जिससे नगर का विकास हो सके किंतु कांग्रेसी इसे कांग्रेस और नपा की राशि तथा विकास कार्य बता रहे हैं। वास्तव में इस भारी-भरकम रकम में डाका डालने के उद्देश्य से ही घटिया निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं।

श्री सनोडिया ने कहा कि नपा में चल रही मनमानी और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाना भाजपा का दायित्व है जो कि कांग्रेसियों को भाजपा की बौखलाहट प्रतीत हो रहा है वास्तविकता यह है कि भाजपा के आरोपों से कांग्रेसी खुद बौखला गए हैं और कमीशन खोरी के चलते ठेकेदार का बचाव करते हुए मुझ पर अध्यक्ष बनने की महत्वाकांक्षा की बात कर रहे हैं। जबकि सच्चाई यह है कि नपा में कांग्रेसी कमीशन खोरी के बंटवारे को लेकर आपस में ही लड़ रहे हैं और अपने कर्मों से खुद का बंटाधार करने पर तुले हुए हैं।

भोली भांली महिलाओं के साथ धोखाधड़ी हुई तो जबावदार कौन होगा ? कांग्रेस बताये - विनोद सोनी

सिवनी यशो:- कांग्रेस सत्ता पाने के लिये झटपटा रही है और जनता को अपने पक्ष में लाने के लिये झूठ का मायाजाल फैला रही है और नारी सम्मान योजना के नाम पर अनाधिकृत रूप से महिलाओं से उनकी जो निजी जानकारी का संकलन अपने कार्यकर्त्ताओं के माध्यम से करा रही है वह प्रदेश में बड़ी जालसाजी का गंभीर कारण बन सकती है और कांग्रेस का यह कदम महिलाओं को मुसीबत में डाला सकता है । कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं द्वारा घर घर जाकर महिलाओं से उनके निजी दस्तावेज और पहचान पत्र लिये जा रहे है । कांग्रेस कार्यकर्त्ता के नाम पर कोई जालसाज महिलाओं से दस्तावेज लेकर उनके साथ कोई धोखाधड़ी कर दे तो इसके लिये जबावदार कौन होगा कांग्रेस के कर्णधार इस बात का जबाव दें ।

उक्ताश्य की बात भाजपा कानून एवं विधि विभाग के प्रदेश सह संयोजक अधिवक्ता विनोद ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में के माध्यम से कही श्री सोनी ने आगे कहा कि साइबर माध्यम से ठगी के आये दिने किस्से सुनने मिलते है और ऐसे साइबर ठगो से सावधान रहने के लिये पुलिस और प्रशासन द्वारा आम आदमियों को सचेत भी किया जाता है, और कहा जाता है कि किसी भी दूसरे व्यक्ति को अपने व्यक्तिगत पहचान वाले दस्तावेज न दें परंतु कांग्रेस पार्टी द्वारा अभियान चलाकर कपोल कल्पित नारी सम्मान योजना के नाम पर प्रदेश की भोली भाली महिलाओं से उनके निजी दस्तावेज संग्रहित किये जा रहे है । इस प्रकार से दस्तावेज एकत्रित करने का कांग्रेस को कोई अधिकार नहीं है ।

अधिवक्ता विनोद सोनी प्रदेश की भोली भाली जनता से अपील की है कि अपने निजी पहचान वाले दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, वोटर आई डी, समग्र आई डी, राशन कार्ड , बैंक खाता नंबर , किसी भी प्रकार की ओटीपी आदि किसी भी व्यक्ति को न दें । इस प्रकार की जानकारी देने से धोखाधड़ी हो सकती है । उन्होंने कहा कि यदि आम आदमी की जानकारी लेने के पश्चात यदि कोई धोखाधड़ी होती है तो उसका जबाबदार कौन होगा ? और धोखाधड़ी की संभावना से इंकार भी नहीं किया जा सकता ।

अधिवक्ता श्री सोनी ने प्रदेश सरकार एवं गृहमंत्रालय से आग्रह किया कि अनाधिकृत तरीके से महिलाओं की निजी जानकारी संग्रहित करने वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही के निर्देश प्रदेश के समस्त पुलिस अधीक्षको एवं जिला प्रशासन को दिये जाये जिससे ठगी और दस्तावेजों के दुरूपयोग की संभावना को रोका जा सके ।

निजी जानकारी संग्रहित करने वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही की मांग की अधिवक्ता विनोद सोनी ने

बिना ऐलम के नगर को हो रही दो दिनों से पेयजल की सप्लाई

पानी की टंकी के छत पर चढ़ने वाली सीढ़ी भर-भराकर गिरी, जर्जर हालत में टंकी कभी भी हो सकती है धराशाही

छपारा यशो:- नगर की लगभग 30 हजार पापुलेशन को गत दो दिन से बिना फिटकरी के पानी सप्लाई किया जा रहा है, तो वही फिल्टर प्लांट स्थित पानी की टंकी अपनी जर्जर अवस्था के चलते धीरे धीरे टूटकर गिर रही हैं। इसी वजह से नगर परिषद की व्यवस्थाओं की पोल खोल रही।

ज्ञात हो कि संपूर्ण नगर को जल प्रदाय करने वाले पीएचई कार्यालय परिसर स्थित फिल्टर प्लांट पर पिछले 2 दिनों से फिटकरी का ना उपलब्ध होना एवम शनिवार को दोपहर लगभग दो बजे के आसपास पीएचई कार्यालय परिसर फिल्टर प्लांट स्थित जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी टंकी के ऊपरी हिस्से में चढ़ने वाली लोहे की सीढ़ी अचानक भर-भराकर नीचे गिर गई गनीमत यह रही कि उस समय कोई भी कर्मचारी मौके पर मौजूद नहीं थे जिससे किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई और एक बड़ा हादसा टल गया, ज्ञात हो कि लगभग 40 साल पूर्व नगर में पेयजल सप्लाई करने के लिए बनाई गई यह पानी की टंकी वर्तमान समय में जर्जर स्थिति में पहुंच चुकी है जिसे लेकर आसपास के वार्ड वासियों ने टंकी को डिस्मेंटल करने एवं नई टंकी बनाने को लेकर मांग की जाती रही है किंतु जिम्मेदारों के द्वारा ध्यान ना देना समझ से परे है। वही लगभग 5 माह पूर्व सीएमओ के द्वारा जानकारी दी गई थी कि उक्त टंकी को डिस्मेंटल करने और नई टंकी निर्माण के लिए वरिष्ठ कार्यालय को पत्राचार किया गया था किंतु 5 माह बीतने के बावजूद भी स्थिति जस की तस है, साथ ही मौजूदा समय में उक्त जर्जर टंकी जानलेवा साबित हो रही है जिसका हिस्सा अब टूट टूट कर गिरने लगा है। जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण लौहे की सीढ़ी है जो शनिवार को टूट कर गिर गई, वहीं आगामी बरसात का मौसम आने वाला उक्त जर्जर क्षतिग्रस्त टंकी के पूरी तरह धराशाही होने की प्रबल संभावना है। साथ ही नगर परिषद की लापरवाही के चलते पीएचई कार्यालय परिसर में बने 2.5 एम एल डी के एक नये और एक पुराने दोनों जल शोधन संयंत्रों में एलम खत्म हो गई है यही से पानी को फिल्टर कर नगर में सप्लाई की जाती है। मिली जानकारी के अनुसार लगभग डेढ़ माह पहले ही ऐलम के स्टोर में कमी को लेकर नगर परिषद कार्यालय को लिखित रूप में जानकारी दे दी गई थी, किंतु उसके बाद भी लापरवाही पूर्ण रवैया के चलते फिटकरी एलम समय पर उपलब्ध नहीं कराया गया जिस पर नगर वासियों के द्वारा मांग की गई है की फिल्टर में एलम की उपलब्धता जल्द से जल्द कराई जाए।

इनका कहना है - एलम के खत्म होने पर ही मुझे कर्मचारियों के द्वारा सूचित किया गया है एलम लगभग आगामी दो दिनों में फिल्टर पर उपलब्ध हो जाएगी टंकी के विषय में अप्रूवल आते ही कार्य किया जाएगा।

श्याम गोपाल भारती, सीएमओ,
नगर परिषद, छपारा

पकड़े गए तीन गौ तस्कर, कंटेनर में मिले 54 नग मवेशी

सिवनी यशो:- कोतवाली में अवैध गौ तस्करी के कारोबार के आरोप में तीन गौ तस्करों को दोपहर के समय छिंदवाड़ा रोड बायपास से पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बजरंग दल के युवाओं ने लखनादौन से ट्रक का पीछा कर छिंदवाड़ा रॉड बायपास के सामने से अवैध तस्करी करने वालों को पकड़ा और पुलिस को सूचना दी। इसी के आधार पर पुलिस ने उनको पकड़ा। पुलिस ने कंटेनर बरामद किया हैं, वहीं कंटेनर मे 54 मवेशी मिले हैं।

सीएम बघेल ने पीएम मोदी और गृहमंत्री शाह पर साधा निशाना, बोले- गुजरात में चार महापुरुष, दो बेचने वाले और दो खरीदने वाले

सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को सूचना मिली थी कि लखनादौन तरफ से मवेशी से भरा कंटेनर सिवनी तरफ आ रहा है। इसके बाद पूरी प्लानिंग कर उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। ये तस्कर गायों को महाराष्ट्र ले जाने के लिए निकले थे। बजरंग दल की सूचना के बाद दोपहर के समय तस्करों को पकड़ा गया।

पुलिस ने बताया कि लखनादौन तरफ से कंटेनर में भरकर मवेशियों को महाराष्ट्र के बूचड़खाना ले जाने की सूचना बजरंग दल एवं जागरूक नागरिकों ने दी थी। इसके बाद छिंदवाड़ा रोड बाईपास के पास नाकेबंदी कर ट्रक क्रमांक एपी 29 डब्लू 1574 को रोक कर चेक किया गया। वाहन में मवेशी भरे हुए थे। ट्रकों से कुल 54 नग बैल बरामद हुए, जिन्हें क्रूरतापूर्वक ठूंस-ठूंस कर भरा गया था। पकड़े गए आरोपियों को पशु परिवहन के संबंध में वैध दस्तावेज पेश करने के लिए कहा गया। मगर, उनके पास कोई कागजात नहीं थे और उन्होंने पशुओं को कत्लखाना ले जाने का जुर्म स्वीकार किया।

पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के मामला दर्ज कर लिया है

इस कार्यवाही में पुलिस कर्मियों में धनराज वरकड़े, अजय मिश्रा, अजय धुर्वे, पायलेट देवेंद्र उइके की भूमिका रही।

नगदी एवं लाखों के सामान के साथ तीन चोर पुलिस के हत्थे चढ़े

सिवनी यशो:- कोतवाली सिवनी पुलिस की कार्यवाही। प्रार्थी मोहन दुबे निवासी छिंदवाड़ा चौक सिवनी ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 01/05/2023 को उनके छिंदवाड़ा बायपास रोड पर स्थित यार्ड से अज्ञात चोरों द्वारा कापर वायर चोरी कर लिया गया है, जिस पर थाना कोतवाली में अज्ञात चोरों के विरुद्ध अप क्र 405/2023 धारा 379,294,323,506,34 भादवि के प्रकरण भी पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

उक्त सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक सिवनी रामजी श्रीवास्तव द्वारा एसडीओपी सिवनी पुरुषोत्म मरावी एवं थाना प्रभारी कोतवाली को अज्ञात चोरों की पतासाजी हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर अज्ञात चोरों की पतासाजी के प्रयास प्रारंभ किये गए। पुलिस टीम द्वारा विवेचना के दौरान तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबीर सूचना के आधार पर संदेहियों को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ करने पर शब्बीर खान पिता रमजान खान उम्र 33 साल निवासी वार्ड नंबर 13 ए खदान अमन कॉलोनी थाना पार्वती आष्टा जिला सीहोर, तोहिद उर्फ उमर मोहम्मद पिता रफीक खान उम्र 24 साल निवासी वार्ड नंबर 4 जैन मंदिर के पास बाड़ी थाना बाड़ी जिला रायसेन, राज उद्दीन उर्फ मोंटू पिता पीरखान उम्र 29 साल निवासी डोबोरी थाना कालापीपल जिला शाजापुर द्वारा छिंदवाड़ा रोड स्थित यार्ड से कापर वायर चोरी करना स्वीकार किया गया।

शब्बीर खान, तोहिद, राज उद्दीन व अबरार गिरफ्तार

आरोपियों ने चोरी किए गए कापर वायर को कबाड़ी अबरार पिता मोहम्मद इरफान खान उम्र 34 साल निवासी मुकेरि बाड़ी सारंगपुर जिला राजगढ़ को बेचना बताया। उक्त घटना में शामिल अन्य आरोपी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। पिठौरा आश्रम में भी की थी चोरी इसके अतिरिक्त उक्त आरोपियों द्वारा थाना लखनादौन के ग्राम ब होडी के पिठैरा आश्रम में स्थित मां अन्नपूर्णा मंदिर नारायण आश्रम पिठैरा ब होडी के मंदिर में दान-पेटी से नगदी व अन्नपूर्णा जी की चांदी की पादूका व सोने के गहने, मंगलसूत्र कुल जेवरात सोने व चांदी के 05 तोला कीमती 02 लाख 50 हजार रूपये चोरी करना स्वीकार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों से घटना में शामिल अन्य आरोपी घटना में प्रयुक्त वाहन एवं घटना में चोरी गई शेष संपत्ति की बरामदगी हेतु आरोपियों का पुलिस रिमांड लिया गया है।

गिरफ्तार आरोपी में - शब्बीर खान पिता रमजान खान उम्र 33 साल निवासी अमन कॉलोनी थाना पार्वती आष्टा जिला सीहोर, तोहिद उर्फ उमर मोहम्मद पिता रफीक खान उम्र 24 साल निवासी जैन मंदिर के पास बाड़ी थाना बाड़ी जिला रायसेन, राज उद्दीन उर्फ मोंटू पिता पीरखान उम्र 29 साल निवासी डोबोरी थाना कालापीपल जिला शाजापुर, कबाड़ी अबरार पिता मोहम्मद इरफान खान उम्र 34 साल निवासी मुकेरि बाड़ी सारंगपुर जिला राजगढ़।

आरोपियों के पास से पुलिस ने नगद 2,23,000/रुपए, 100 किलोग्राम कापर वायर कीमती 85,000/- रुपए। कुल मशरूका -3,07000/- रुपए जप्त किये ।

इस पूरी कार्यवाही में थाना कोतवाली से थाना प्रभारी निरीक्षक महादेव नागोतिया, कार्य सउनी देवेंद्र जैसवाल, प्र.आर.- कमलेश बागडे, रामवतार डहेरिया, -134 अमित, आर.- 262 नीतेश, आर. 400 अजय, आर. 343 अभिषेक, आर.- 150 रवि एवं थाना लखनादौन से उनि मनीष बंसोड, सउनि एफ. एल. उईके, आर 43 नवनीत, आर.- 715 धनेश्वर, 439 संदीप, आर. 198 अनिल, आर. 620 जयप्रकाश की महत्व पूर्ण सराहनीय भूमिका रही है।

मध्य प्रदेश में हटाए जाएंगे तीन साल से ऊपर वाले कलेक्टर, चुनाव आयोग ने दिया आदेश

भोपाल। चुनाव आयोग ने इस साल होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं. आयोग ने इन सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को निर्वाचन से जुड़े उन अधिकारियों के ट्रांसफर के लिए कहा है, जो या तो अपने गृह जिले में तैनात हैं. या फिर एक ही जिले में उनकी पदस्थापना तीन साल से ज्यादा समय हो चुका है.

माना जा रहा है कि मध्य प्रदेश में भी कई जिलों के कलेक्टर और एसपी जल्द ही हटाए जा सकते हैं. मध्य प्रदेश विधानसभा का कार्यकाल अगले साल 6 जनवरी 2024 को खत्म होने वाला है. इसी तरह छत्तीसगढ़ में 3 जनवरी 2024, तेलंगाना में 16 जनवरी 2024, राजस्थान में 14 जनवरी 2024 और मिजोरम में 17 दिसम्बर 2023 तक नई सरकार का गठन होना है.

चुनाव आयोग ने शुरू की तैयारियां

चुनाव आयोग ने चुनाव की तैयारियां शुरू करते हुए निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण का काम शुरू कर दिया है. इसके साथ ही चुनाव कार्य में प्रत्यक्ष रूप से भाग लेने वाले अधिकारियों की लिस्ट भी तैयार हो रही है. साथ ही आयोग ने चुनाव वाले पांच राज्यों के मुख्य सचिवों को भेजे पत्र में साफ कर दिया है कि, इन पांचों राज्यों में निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारियों का तुरंत तबादला किया जाए.

31 जुलाई तक मांगी रिपोर्ट

साथ ही आयोग ने अपने गृह नगर और एक जिले में तीन साल से अधिक समय से तैनात अधिकारियों के भी ट्रांसफर के आदेश दिए हैं. आयोग ने इस बारे में मुख्य सचिव और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से 31 जुलाई तक रिपोर्ट देने को भी कहा है. आयोग द्वारा तय मापदंड के हिसाब से कलेक्टर, एडीएम, एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और आरआई को हटाया जाएगा.

नेपाल पुनः एक हिंदू राष्ट्र बने, यह भारत के हित में होगा

नेपाल में आज भी 80 प्रतिशत से अधिक आबादी हिंदूओं की ही

नेपाल एक बहुत खूबसूरत दक्षिण एशियाई राष्ट्र है। नेपाल के उत्तर में तिब्बत है तो इसके दक्षिण, पूर्व व पश्चिम में भारत की सीमाएं लगती हैं। नेपाल के 81.3 प्रतिशत नागरिक सनातन हिन्दू धर्म को मानते हैं। नेपाल पूरे विश्व में प्रतिशत के आधार पर सबसे बड़ा हिन्दू धर्मावलम्बी राष्ट्र है। नेपाल की राजभाषा नेपाली है और नेपाल के निवासियों को नेपाली कहा जाता है। वर्तमान नेपाली भू-भाग अठारहवीं शताब्दी में गोरखा के शाह वंशीय राजा पृथ्वी नारायण शाह द्वारा संगठित नेपाल राज्य का एक हिस्सा है। नेपाल की अंग्रेजों के साथ हुई तात्कालीन विभिन्न सन्धियों के अंतर्गत नेपाल को वर्ष 1814 में एक तिहाई नेपाली क्षेत्र ब्रिटिश इण्डिया को देना पड़ा था और आज इस क्षेत्र का भारतीय राज्य पश्चिम बंगाल में विलय हो चुका है।

ऐसा कहा जाता है कि नेपाल शब्द %ने% नामक ऋषि तथा 'पाल' अर्थात गुफा से मिलकर बना है। ऐसा भी माना जाता है कि एक समय नेपाल की राजधानी काठमांडू %ने% नामक ऋषि का तपस्या स्थली थी। अतः %ने% नामक ऋषि द्वारा पालित होने के कारण इस भूखण्ड का नाम नेपाल पड़ा। नेपाल के पूर्णतः सनातन हिंदू धर्म से जुड़े होने के कई प्रमाण इतिहास में भी मौजूद हैं। 5,500 वर्ष ईसा पूर्व महाभारत काल में जब माता कुन्ती पुत्र पांच पाण्डव स्वर्गलोक की ओर प्रस्थान कर रहे थे उसी समय पाण्डुपुत्र भीम ने भगवान महादेव को दर्शन देने का आह्वान करते हुए विनती की थी।

तभी भगवान शिवजी ने उन्हें एक लिंग के रुप में दर्शन दिये थे जो आज :पशुपतिनाथ ज्योतिर्लिंग: के नाम से पूरे विश्व के हिंदुओं के लिए एक धार्मिक आस्था का स्थल माना जाना जाता है। इसी प्रकार नेपाल स्थित जनकपुर में भगवान श्रीरामपत्नी माता सीताजी का जन्म 7,500 वर्ष ईसा पूर्व होने का जिक्र भी इतिहास में मिलता है। सिद्धार्थ गौतम (ईसापूर्व 563ङ्क 483) शो य वंश के राजकुमार थे, उनका जन्म नेपाल के लुम्बिनी में हुआ था, जिन्होंने अपना राज-पाट त्याग कर तपस्वी का जीवन निर्वाह किया और कालांतर में वह भगवान बुद्ध बन गए थे।

नेपाल में सामाजिक जीवन की मान्यता, विश्वास और संस्कृति सनातन हिन्दू धर्म की भावना पर आधारित है। साथ ही, धार्मिक सहिष्णुता और जातिगत सहिष्णुता भी नेपाल की अपनी मौलिक संस्कृति का एक हिस्सा है। नेपाल में मनाए जाने वाले विभिन्न धार्मिक उत्सवों पर वैष्णव, शैव, बौद्ध, शो य आदि धर्मों का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। किसी भी एक धार्मिक पर्व को धर्मावलम्बी विशेष का कह सकना और अलग कर पाना बहुत मुश्किल कार्य है। सभी धर्मावलम्बी आपस में मिल जुलकर सभी उत्सवों को उल्लासमय वातावरण में मनाते हैं।

नेपाल, मार्च 2006 तक, एक हिंदू राष्ट्र ही था और नेपाल में आज भी 80 प्रतिशत से अधिक आबादी हिंदूओं की ही है। परंतु, नेपाल में चीन की शह पर माओवादी आंदोलन की सफलता के बाद, राजनैतिक उठापटक के चलते, नवम्बर 2006 में माओवादी और सात अन्य राजनैतिक दलों के गठबंधन के बीच एक ऐतिहासिक व्यापक शांति समझौता हुआ था, जिसके परिणाम स्वरूप नेपाल में अंतरिम सरकार बनी थी और वर्ष 2006 में नेपाल में 240 वर्षों की राजशाही को समाप्त करते हुए एक अंतरिम संविधान लागू किया गया था जिसके अंतर्गत नेपाल के हिंदू राष्ट्र के दर्जे को समाप्त करते हुए इसे एक धर्मनिरपेक्ष देश घोषित कर दिया गया था।

हालांकि पूरे विश्व में ही सामान्यतः देश की बहुसंख्यक आबादी के धर्म के आधार पर देश को दर्जा प्रदान किया जाता है। आज पूरे विश्व में लगभग 57 देशों में इस्लाम मजहब को मानने वाले मतावलंबियों की जनसंख्या के आधार पर इन देशों ने अपने आप को मुस्लिम देश घोषित किया हुआ है। परंतु नेपाल एवं भारत में हिंदू बहुसंख्यक (लगभग 80 प्रतिशत) आबादी होने के बावजूद अपने आप को हिंदू राष्ट्र घोषित नहीं कर सके हैं और इसके परिणामस्वरूप आज पूरे विश्व में एक भी हिंदू राष्ट्र नहीं है। यह निश्चित रूप से सनातन हिंदू धर्म को मानने वाली पूरे विश्व की लगभग 120 करोड़ जनसंख्या के साथ सरासर अन्याय है।

विशेष रूप से अगर नेपाल की बात की जाय तो वहां पर इस्लाम मजहब को मानने वाले मतावलंबियों की जनसंख्या मात्र 5 प्रतिशत के आसपास ही है और जब नेपाल एक हिंदू राष्ट्र था तब भी इसके हिंदू राष्ट्र होने में मुस्लिमों को कोई आपत्ति नहीं थी एवं अब जब नेपाल को एक बार पुनः हिंदू राष्ट्र बनाए की मांग जोर पकड़ने लगी है तब भी मुस्लिमों को कोई आपत्ति नहीं है। नेपाल में वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, यहां मुस्लिम आबादी 11 लाख 62 हजार 370 है। यह संख्या नेपाल की कुल आबादी का केवल चार से पांच प्रतिशत के बीच है। अभी नेपाल की कुल आबादी 2 करोड़ 86 लाख है। नेपाल के 97 प्रतिशत मुसलमान तराई क्षेत्र में रहते हैं और तीन प्रतिशत काठमांडू के अलावा पश्चिमी पहाड़ी इलाकों में रहते हैं। नेपाल में तराई क्षेत्र की कुल आबादी का 10 प्रतिशत हिस्सा मुसलमानों का है।

साथ ही साथ, नेपाल में अब राजतंत्र की वापसी की मांग भी लगातार जोर पकड़ती जा रही है। इसके लिए नेपाल में वहां की जनता द्वारा हजारों की संख्या में बाकायदा जोरदार प्रदर्शन किए जा रहे हैं। नेपाल में राजनीतिक दलों का भी अब कहना है कि देश में लोकतंत्र की रक्षा तथा राजनीतिक स्थिरता के लिए संवैधानिक राजशाही तथा हिंदू राष्ट्र की बहाली के अलावा कोई विकल्प नहीं है। फिर नेपाल को पुनः हिंदू राष्ट्र घोषित क्यों नहीं किया जाना चाहिए।

दरअसल नेपाल की राजनीति वहां की वामपंथी विचारधारा वाले दलों एवं अन्य दलों के इर्द गिर्द घूमती रहती है। वामपंथी विचारधारा वाले दलों को चीन से जबरदस्त समर्थन प्राप्त होता है और जब भी वामपंथी विचारधारा वाले दलों को नेपाल में बहुमत प्राप्त होता है वे राजशाही को समाप्त कर नेपाल को एक धर्मनिरपेक्ष देश बनाए रखने की बात करते रहते हैं। नेपाल का हिंदू राष्ट्र का दर्जा भी इसी विचारधारा के अंतर्गत समाप्त कर दिया गया था। साथ ही, नेपाल यदा कदा चीन की शह पाकर भारत विरोधी रूख भी अपना लेता है। पूर्व में भी ऐसा कई बार हो चुका है, विशेष रूप से जब जब वहां वामपंथी विचारधारा वाले दलों को सत्ता प्राप्त हुई है।

हाल ही में वर्ष 2018 में भी नेपाल के प्रधानमंत्री श्री केपी शर्मा ओली और पूर्व प्रधानमंत्री श्री पुष्प कमल दहल प्रचंड की पार्टी द्वारा मिलकर एकीकृत कम्युनिस्ट पार्टी बनाई गई थी और ऐसा कहा जाता है कि दोनों दलों को एक करने में चीन ने बड़ी भूमिका निभाई थी। परंतु दो साल बाद ही दोनों दलों के रास्ते अलग अलग हो चुके हैं। कुल मिलाकर चीन के सहयोग से नेपाल में राजनैतिक उठापटक के चलते ही नेपाल का हिंदू राष्ट्र का दर्जा समाप्त किया गया था।

परंतु अब वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन इंटरनेशनल की सचिव अस्मिता भंडारी का कहना है कि नेपाल की एक पुरानी संस्कृति है। सनातन से नेपाल एक हिंदू राष्ट्र रहा है। नेपाल में हिंदू राजा ही राज्य करते रहे हैं और उस दौर में देश में नागरिक बहुत सुखी एवं सम्पन्न रहते थे। अब तो नेपाल के विभिन्न हिंदू संगठनों के साथ-साथ सत्तारूढ़ दल राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी भी लोकतंत्र की बजाए हिंदू राष्ट्र का ही समर्थन कर रही है। इस प्रकार विभिन्न राजनैतिक दल भी अब नेपाल को पुनः हिंदू राष्ट्र बनाए जाने का पुरजोर समर्थन कर रहे हैं। राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के नेता श्री दीपक भंडारी का कहना है कि नेपाल में चूंकि 82 प्रतिशत आबादी हिन्दुओं की है अतः नेपाल को पुनः हिंदू राष्ट्र बनाया जाना चाहिए।

नेपाल की पूरे विश्व में पहचान भी एक हिंदू राष्ट्र के रूप में ही रही है। परंतु नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी अभी भी नेपाल को हिंदू राष्ट्र बनाए जाने का विरोध कर रही है और उनका कहना है कि नेपाल में हम सभी धर्मों को बराबरी का दर्जा देते है और कुछ लोग हिंदुत्व के बहाने दोबारा से नेपाल को हिंदू राष्ट्र बनाने की कोशिश में लगे हुए हैं, इसका हम पुरजोर विरोध करते हैं।

नेपाल का पुनः एक हिंदू राष्ट्र बनना भारत के भी हित में है क्योंकि एक तो इससे नेपाल में किसी भी राजनैतिक दल के लिए भारत विरोधी रूख अपनाना आसान नहीं होगा। दूसरे, भारत और नेपाल का कालांतर में एक तरह से साझा इतिहास रहा है तथा दोनों देशों की सांस्कृतिक विरासत भी एक ही है तो इसके चलते नेपाल एक हिंदू राष्ट्र के रूप में अपने आप को सदैव ही भारत के करीब महसूस करता रहेगा। तीसरे, नेपाल के पुनः हिंदू राष्ट्र बनने के बाद वह चीन को अपना करीबी मित्र बनाने में अपने आप को असहज महसूस करेगा। वैसे अब यह नेपाल को भी समझ में आने लगा है कि उसके आर्थिक एवं राजनैतिक हित भारत से अच्छे सम्बंध बनाए रखने में ही सधे रहेंगे न कि चीन के साथ अपनी मित्रता बढ़ाने से। चीन ने अभी हाल ही में जिस प्रकार श्रीलंका को आर्थिक परेशानी में डाल दिया है, इसको देखकर अब नेपाल भी सचेत होता दिखता है।

पक्षियों की भूख-प्यास बुझाने स्कूली छात्रों ने पेड़ो पर बाँधा दाना एवं जल पात्र

छिंदवाड़ा- नवतपा की भीषण गर्मी में पशु-पक्षी तो क्या इंसान भी विचलित कर देती है। गर्मी में सबसे ज्यादा परेशानी पशुओं एवं पक्षियों को छेलनी पड़ती है। शासकीय हाई स्कूल चारगांव प्रहलाद में ग्रीष्म काल की भीषण गर्मी में बच्चो ने पक्षियों की भूख-प्यास मिटाने के लिए दाना, जल पात्र एवं घोंसला बनाकर स्कूल परिशर के वृक्षों में लगाया है। यह प्रेरणा एवं जीव सेवा का भाव बच्चों को समर कैंप के कार्यक्रम अंतर्गत शिक्षिका नमिता अहिरवार, सरिता परतेती, संगीता नागोत्रा एवं प्राचार्य आर. एस. बघेल के कुशल मार्गदर्शन में बनाना सीख कर किया जा रहा है। शाला परिसर के पेड़ों में लगाया गया जलपात्र से दोपहर में चुपके-चुपके देखा कि चिड़िया दाना खाने और पानी पीने आती है या नही। जब चिड़ियाँ आई एवं दाना चुगा और पानी पीकर उड़ गई सभी बच्चों को बहुत अच्छा लगा। बच्चो ने पानी पीते हुए चिड़िया का वीडियो भी बनाया और उसे अपने व्हाट्सएप ग्रुप में भी शेयर भी किया । पानी पीते हुए चिड़िया को देखकर बच्चे बहुत खुश हुए और उन्हें यह अनुभव हुआ कि पक्षियों को भी गर्मी में हमारे समान बार-बार प्यास लगती हैं और वे पानी के लिए भटकती है। प्राचार्य आर एस बघेल ने बताया कि सभी बच्चों ने संकल्प लिया कि हम अपने अपने घरों में भी पक्षियों के लिए जलपात्र,दाना पात्र की व्यवस्था करेंगे । चारगांव प्रहलाद के पूर्व छात्र से श्याम कोलारे एवं सुनील बंदेवार ने इस कार्य के लिए सराहना की और कहा कि स्कूल से नैतिक एवं व्यवहारिक शिक्षा का इस प्रकार से ज्ञान का संचार करना एक अच्छा उदाहरण है, इससे बच्चों का सर्वांगीण विकास में मदद मिलती है। स्कूल को इस प्रकार के पहल से बच्चों में व्यावहारिक कौशल लाने में पूर्ण भूमिका निभाना चाहिए।

सीखो-कमाओ योजना में कौशल विकास के साथ स्टाईपेंड भी

नवीनतम तकनीक और प्रक्रिया से युवाओं को मिलेगा कौशल सीखने का अवसर
नियमित रोजगार प्राप्ति की योग्यता अर्जित करेंगे युवा
एक साल तक मिलेगा प्रशिक्षणार्थियों को स्टाईपेंड

भोपाल - मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश के युवाओं में कौशल विकास क्षमता को बढ़ा कर उन्हें रोजगार से जोड़ा जायेगा। लर्न एण्ड अर्न की तर्ज पर रोजगार के लिये कौशल सिखाने ÷मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ÷ योजना का प्रभावी क्रियान्वयन शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन की मंशा है कि प्रदेश का युवा रोजगार मांगने वाला नहीं, रोजगार देने वाला बने। इसके लिये राज्य शासन ने अनेक स्व-रोजगार संबंधी योजनाएँ भी क्रियान्वित की हैं। इसी श्रृंखला में यह योजना लागू की गई है, जो उद्योग उन्मुख प्रशिक्षण आधारित है। ÷मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना%% में युवाओं को उद्योगों के साथ सर्विस सेक्टर में कौशल प्रशिक्षण दिलाते हुए स्टाईपेंड की व्यवस्था भी की गई है। युवाओं को नवीनतम तकनीक और प्रक्रिया से व्यावसायिक कौशल प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके लिए योजना से कंपनियों और सर्विस सेक्टर को जोड़ा गया है। इस नवाचारी व्यवस्था से युवाओं को रोज़गार, प्रगति और विकास के नित नए अवसर मिलेंगे।

योजना के 46 सेक्टर में 800 + पाठ्यक्रम

प्रदेश के एक लाख युवाओं को योजना के 46 सेक्टर में 800 से अधिक पाठ्यक्रमों में दक्ष करने का प्रारंभिक लक्ष्य रखा गया है। योजना में मध्यप्रदेश के स्थानीय निवासी 18 से 29 वर्ष के 12वीं या उससे कम कक्षा में उत्तीर्ण युवा को 8 हजार रूपये, आईटीआई उत्तीर्ण को 8 हजार 500 रूपये, डिप्लोमा उत्तीर्ण को 9 हजार रूपये और स्नातक या उच्च शैक्षणिक योग्यता वाले युवाओं को 10 हजार रूपये प्रतिमाह स्टाईपेंड दिया जायेगा। राज्य शासन की ओर से निर्धारित स्टाईपेंड की 75 प्रतिशत राशि प्रशिक्षणार्थियों को डीबीटी से भुगतान की जायेगी। संबंधित प्रतिष्ठानों द्वारा निर्धारित न्यूनतम स्टाईपेंड की 25 प्रतिशत राशि प्रशिक्षणार्थियों के बैंक खाते में जमा करानी होगी। प्रतिष्ठान अपनी ओर से निर्धारित राशि से अधिक स्टाईपेंड देने के लिये स्वतंत्र होंगे। स्टाईपेंड एक वर्ष तक दिया जायेगा।

विभिन्न क्षेत्रों में दिया जायेगा प्रशिक्षण

योजना में युवाओं को कौशल प्रदान करने के लिये चिन्हित कार्य-क्षेत्र में विनिर्माण क्षेत्र, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, सिविल, प्रबंधन, मार्केटिंग, होटल मैनेजमेंट, टूरिज्म, ट्रायबल, अस्पताल, रेलवे, आईटी सेक्टर, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, बैंकिंग, बीमा, लेखा, चार्टर्ड अकाउंटेंट, मीडिया, कला, कानूनी और विधि सेवाएँ, शिक्षा एवं प्रशिक्षण सहित 800 से अधिक सेवा क्षेत्र में कार्यरत प्रतिष्ठान भागीदारी करेंगे।

योजना की प्रक्रिया एवं क्रियान्वयन

योजना के पोर्टल पर 7 जून 2023 से प्रतिष्ठानों का पंजीयन एवं कोर्स का चयन कर वैकेंसी प्रकाशित करना प्रारंभ होगा। युवाओं का योजना के पोर्टल पर पंजीयन 15 जून से प्रारंभ होगा। पोर्टल पर कोर्स चयन कर वैकेंसी के विरूद्ध आवेदन करना 15 जुलाई से प्रारंभ होगा। साथ ही प्रतिष्ठानों द्वारा युवाओं का चयन कर ऑफर दिया जायेगा।

युवा-प्रतिष्ठान-मध्यप्रदेश शासन के मध्य 31 जुलाई से अनुबंध प्रारंभ होंगे। ऑन द जॉब प्रशिक्षण (ओजेटी) 1 अगस्त से प्रारंभ होगा। मूल्यांकन और प्रमाणीकरण के साथ योजना में मासिक वित्तीय सहायता एक सितम्बर से दी जाना प्रारंभ होगी। योजना में चिन्हित प्रतिष्ठानों का पेन एवं जीएसटी पंजीयन अनिवार्य होगा। प्रतिष्ठान अपने कुल कार्य-बल के 15 प्रतिशत की संख्या तक प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दे सकेंगे। जिन प्रतिष्ठानों में कम से कम 20 लोग नियमित रूप से कार्यरत हों, उनके कुल कार्य-बल की गणना ईपीएफ जमा करने के आधार पर की जायेगी।

एमपी में 5 जून तक जारी रहेगा आंधी-बारिश का दौर, इन 20 जिलों में हाई अलर्ट जारी

भोपाल- मध्य प्रदेश में मानसून आने से पहले ही प्री मानसून झमाझम का दौर जारी है। शनिवार को भी प्रदेश के एक दर्जन से अधिक जिलों में बारिश हुई। कई जगहों पर ओले भी गिरे हैं। उज्जैन, इंदौर और मंदसौर जिले के कुछ हिस्सों में बड़े-बड़े ओले गिरे। 25 मई से शुरू हुआ नौतपा भी समाप्त हो गया, लेकिन एक दो जिलों के अलावा प्रदेश में कहीं पर भी लू का विशेष प्रभाव नहीं दिखा।

इन जिलों में हुई बारिश

शनिवार को राजधानी भोपाल, इंदौर, मंदसौर, विदिशा, रायसेन, उज्जैन, सिवनी जिलों में झमाझम बारिश हुई। मौसम विभाग द्वारा रिकॉर्ड किए गए बारिश के आंकड़ों के अनुसार नर्मदापुरम में 3, मंडला में एक, मलाजखंड में 1.6, छिंदवाड़ा में 0.1, इंदौर में 0.1 मिली मीटर पानी गिरा। शुक्रवार शनिवार के दरमियान सागर में 7.8, नरसिंहपुर में 2 मिलीमीटर बारिश हुई। नर्मदापुरम जिले में भी पानी गिरा। सिवनी में करीब 2 घंटे तक झमाझम बारिश हुई।

इसलिए बदला-बदला सा है मौसम

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि उत्तर भारत में 1 जून से नई मौसम प्रणाली पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टरबेंस) सक्रिय हो गई है। इसके प्रभाव के कारण अगले 3 दिनों तक ऐसा ही मौसम ऐसे ही बना रह सकता है।

5 जून तक ऐसा ही सकता है मौसम

मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जारी करते हुए बताया है कि रविवार को प्रदेश के कई हिस्सों में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि हो सकती है। वर्तमान परिस्थितियों को देखा जाए तो 4 और 5 जून को भी बारिश के आसार हैं। जून के दूसरे सप्ताह में फिर से आंधी-बारिश का दौर शुरू होगा।

कमजोर साबित हुआ नौतपा

बता दें कि 25 मई से शुरू हुआ नौतपा 3 जून को समाप्त हो गया, लेकिन इस वर्ष नौतपा के तेवर कमजोर ही रहे। नौतपा के दौरान इस बार प्रदेश का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस से ऊपर नहीं पहुंच पाया। इन 9 दिनों में प्रदेश के अधिकांश जिलों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे ही रहा। मौसम विभाग का कहना है कि बेमौसम हो रही बारिश के कारण ऐसा हुआ है।

इन जिलों में हो सकती है बारिश

मौसम विभाग ने बुलेटिन में रविवार को प्रदेश के 20 जिलों में गरज चमक के साथ बारिश होने का अनुमान जताया है। विदिशा, रायसेन, सीहोर, भोपाल, बुरहानपुर, खरगोन, उज्जैन, देवास, शाजापुर, नीमच, मंदसौर, छिंदवाड़ा, दमोह, टीकमगढ़, सागर, छतरपुर, निवाड़ी, ग्वालियर, दतिया और भिंड जिले में पानी गिर सकता है। रायसेन, सीहोर छिंदवाड़ा, टीकमगढ़, सागर, छतरपुर और निवाड़ी जिलों के लिए गरज चमक के साथ बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

प्रमुख शहरों का तापमान

शनिवार को दमोह जिले में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जबलपुर में 40.3, नरसिंहपुर में 41, सीधी में 41, भोपाल में 40.4, ग्वालियर में 39.8, इंदौर में 38.5 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रिकॉर्ड हुआ है।

सिर्फ जाति प्रमाण पत्र पर सरकारी नौकरी कन्फर्म थी, 277 युवाओं ने उसे भी ठुकरा दिया

मध्यप्रदेश में चपरासी की नौकरी प्राप्त करने के लिए पीएचडी होल्डर आवेदन करते हैं लेकिन इसी मध्यप्रदेश में दो जनजाति ऐसी है जो दरवाजे पर चल कर आई सरकारी नौकरी भी लेने को तैयार नहीं। वन विभाग में फॉरेस्ट गार्ड के 372 वैकेंसी आउट की थी। केवल अप्लाई करना था और जॉब कन्फर्म थी। लड़कों ने आवेदन तक नहीं किया।

मध्य प्रदेश की दो जनजातियां जहां कोई सरकारी नौकरी नहीं चाहता

मध्य प्रदेश शासन के वन विभाग ने विशेष भर्ती अभियान के तहत मप्र की विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग (सहरिया और भारिया जनजाति) के बेरोजगार युवाओं के लिए 372 वनरक्षक पद के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की थी। इस भर्ती में न तो कोई शैक्षणिक योग्यता की शर्त थी और न ही कोई लिखित परीक्षा होनी थी। बस केवल जाति प्रमाण पत्र के आधार पर विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के युवाओं को वनरक्षक के पद पर भर्ती करना था।

विज्ञापन भ्रमित करने वाला था इसलिए 65000 युवाओं ने आवेदन कर दिए लेकिन जैसे ही स्थिति स्पष्ट हुई सारी भीड़ कपूर की तरह हवा में गायब हो गई। 372 रिक्त पदों के विरुद्ध मात्र 100 युवा बचे। इसमें से भी 95 ने नौकरी करना स्वीकार किया। बाकी 5 हाथ में आया नियुक्ति पत्र छोड़ कर चले गए।

विश्वास नहीं हो रहा 100 पदों पर भी नियुक्ति नहीं हो पाई

मुझे स्वयं विश्वास नहीं हो रहा था कि विशेष पिछड़ी जनजातीय वर्ग के युवाओं में बेरोजगारों की संख्या इतनी कम है कि 100 वनरक्षक भी नहीं मिल पाएंगे। या फिर यह हो सकता है कि इस वर्ग के युवा वनरक्षक बनना नहीं चाहते होंगे। आवेदन तो बड़ी संख्या में आए थे किंतु जब वे नहीं आए तो लगा कि अधिकतर आवेदनकर्ता के पास विशेष पिछड़ी जनजाति के जाति प्रमाण पत्र नहीं होंगे।

स्वामी जी महाराज हीरापुर वाले दादा का होगा कहानी आगमन



कहानी यशोः- नर्मदा के अनन्य भक्त कैलाश कुटी आश्रम ललिता घाट होशंगाबाद हीरापुर के प्रमुख संत श्री महाराज दादा हीरापुर वाले का शुभ आगमन नगर कहानी की धरा पर दो दिवसीय सत्संग हेतु होने जा रहा है रमेश, सुरेश, दिनेश शिवहरे परिवार कहानी के सौजन्य से होने जा रहे इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालु भक्तों की उपस्थिति प्रार्थनीय है दिनांक 12 जून एवं 13 जून को संत श्री दादाजी महाराज हीरापुर वाले की उपस्थिति नगर कहानी संतोषी माता मंदिर परिसर मैं श्रद्धालु भक्तों को प्राप्त होगी इन दो दिवसीय सत्संग कार्यक्रम में पूरे 2 दिनों तक विभिन्न धार्मिक आयोजन पूजन पाठ हवन भंडारा सत्संग दैनिक अध्यात्म कार्यक्रम संपन्न होगा

खंडवा में कुआं खुदाई के दौरान निकलीं प्राचीन प्रतिमाएं, शिवलिंग की पूजा करने उमड़े लोग

खंडवा। खंडवा जिले की ग्राम पंचायत बरार में कुआं खुदाई के दौरान ग्रामीणों को शिवलिंग और कुछ प्राचीन मूर्तियां मिली हैं। बताया जा रहा है कि पानी की कमी के चलते ग्रामीण कुआं खोद रहे थे, इसी दौरान उन्हें एक शिवलिंग और अन्य देवी देवताओं की प्रतिमाएं मिली हैं। शिवलिंग और अन्य प्रतिमाओं को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ रही है। ग्राम पंचायत सचिव ने कलेक्टर को इसकी सूचना दी है। मूर्तियां कितनी पुरानी है फिलहाल इसकी जानकारी नहीं है। जल्द ही पुरातत्व विभाग मूर्तियों के काल की गणना करेगा।

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से बहनों के जीवन मे आयेगा क्रांतिकारी बदलाव - आनंद शर्मा

सुभाष वार्ड की पात्र महिलाओं को योजना के स्वीकृति पत्र वितरित किए गए

सिवनी यशोः- मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। योजना में 10 जून को पात्र बहनों के खाते मे सिंगल क्लिक से राशि अंतरित की जायेगी। योजना से बहनों की जिंदगी में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। भाजपा जिला उपाध्यक्ष आनंद शर्मा ने सिवनी नगर के सुभाष वार्ड में बहनों को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के स्वीकृत आदेश पत्र आंगनबाडी कार्यकर्त्ता एवं भाजपा कार्यकर्त्ताओं के साथ सोंपते हुये कही ।

श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं को आत्म-निर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही हैं। इस योजना से न सिर्फ महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण होगा बल्कि बहनों के जीवन में सामाजिक क्रांति भी आएगी। योजना से पात्र बहनों के खातों में प्रतिमाह 1000 रूपये और वर्ष में 12 हजार रूपये अंतरित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मंशा थी कि बहनों तक स्वीकृति-पत्र पहुँचाया जाए, जिससे मेरी बहनों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर न लगाना पड़े, परेशान न होना पड़े। इसलिए पूरे प्रदेश में आज बहनों तक लाडली बहना योजना के स्वीकृत-पत्र वितरित किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर उपस्थित भाजपा जिला मंत्री डां. अभिजीत चौहान ने कहा कि प्रदेश में लाड़ली लक्ष्मी योजना से सभी बालिकाओं को लखपति बनाने का काम किया गया। स्व-सहायता और अजीविका मिशन योजना से महिला समूहों को स्वावलंबी बनाया जा रहा है। समूह से जुड़ कर महिलाएँ लघु उद्योग संचालित कर अपने परिवार का पालन कर रही हैं। पढ़ने वाले बच्चे, युवा, किसान, व्यापारी, गरीब और हर वर्ग के लोगों के उत्थान और विकास के लिये सरकार काम कर रही है।

श्री चौहान बताया कि सरकार ने हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम लाकर पूरे क्षेत्र एवं जिले का नाम रोशन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर भाजपा विधि एवं कानून विभाग के प्रदेश सह संयोजक अधिवक्ता विनोद सोनी, भाजपा आई टी जिला संयोजक मनोज मर्दन त्रिवेदी, भाजपा नेत्री श्रीमती कविता शर्मा, कंचन सोनी, वार्ड अध्यक्ष अंकित चौरसिया, नितिन भार्गव, रूपेश मिश्रा, गोलू शर्मा, हितेश साहू, संतोषी नामदेव, प्रवीण सोनी सहित अनेक भाजपा के कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

सिवनी यशोः-संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग भोपाल के आदेशानुसार आयोजित 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी के मार्गदर्शन में 05 मई से 03 जून तक आयोजित किया गया जिसमें निशुल्क प्रशिक्षण के माध्यम से कराते एवं फुटवाल का प्रशिक्षण प्रदान किया गया ब्लॉक समन्वयक ओम कुमार शिवे ने बताया कि प्रशिक्षण में 5 वर्ष से 18 वर्ष तक के बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त किया प्रशिक्षण का आयोजन मिशन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छपारा में कराते खेल श्री नारायण सिंह प्रजापति वरिष्ट कोच के संरक्षण में एवं सुभाष ग्राउंड तकिया वार्ड छपारा में फुटबॉल खेल का प्रशिक्षण निशुल्क दिया जा रहा था कराते खेल में श्री गीतेश प्रजापति (राष्टीय खिलाड़ी कराते प्रशिक्षक ब्लेक बेल्ट)तथा फुटवाल खेल में श्री प्रियांशु चौहान (राष्ट्रीय खिलाड़ी) द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया । प्रशिक्षण प्रातः 6 बजे से 7:30 एवं शाम 5 बजे से 6:30 तक प्रदान किया जा रहा था जिसमे बच्चों को खेल की बारीकियों से अवगत कराया गया इस प्रशिक्षण दौरान कराते में 59 एवं फुटवाल में 57 खिलाड़यों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के समापन में श्रीमती निशा सुरेश पटेल (नगर पंचायत अध्यक्ष), शिवकांत सिंह ठाकुर (उपाध्यक्ष नगर पंचायत छपारा), पार्षद रामेश्वर बंजारा, धर्मेंद्र जैन एवं गणमान्य नागरिक संजय मसीह, नीलेश नागेश तथा वरिष्ठ पत्रकार बिलाल अंसारी,प्रशांत श्रीवास्तव एवं बच्चों के पालक गण उपस्थित रहे समापन दौरान खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र बिस्किट एवं अध्यक्ष महोदय द्वारा गिफ्ट प्रदान किया गया तथा उद्बोधन मैं सभी बच्चों को आशीर्वाद एवं निरंतर खेल अभ्यास करने हेतु कहा गया एवं उज्जवल भविष्य की कामना की गई

मैंहरतला में बाईक से गिरकर,एक कि मौत,एक गंभीर घायल, घंसौर पुलिस जाँच में जुटि

सिवनी जिले के आदिवासी बहुल विकासखंड घंसौर के अंतर्गत मैहरतला गांव के समीप बीती रात्रि एक सड़क हादसा हो गया था। जहां बाइक में 2 लोग सवार होकर जा रहे थे। और बाईक अचान्क अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिनमें से एक व्यक्ति की गंभीर चोट लगने से घटनास्थल पर मौत हो गई थी। वही दूसरे व्यक्ति को भी शरीर के कई हिस्सों में चोट आई थी। तथा सिर पर अधिक चोट होने के कारण घंसौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद उसे जबलपुर रेफर कर दिया गया था। जहां उसका उपचार किया जा रहा है। घायल का नाम भरत यादव निवासी मेहता है। वही घंसौर पुलिस द्वारा पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

एक बाइक सवार की मौके पर हुई मौत, दूसरे के सिर व हाथ-पैर में आई गंभीर चोट

सिवनी यशोः- जिले के आदिवासी बहुल विकासखंड घंसौर में मैहरतला गांव के समीप बीती रात एक सड़क हादसा हो गया था।बाइक में 2 लोग सवार होकर जा रहे थे और बाइक अचानक अनियंत्रित होकर फिसल गई। एक व्यक्ति की गंभीर चोट लगने से मौत हो गई थी। दूसरे व्यक्ति को भी शरीर के कई हिस्सों में चोट आई हैं।

सिवनी जिले के आदिवासी बहुल विकासखंड घंसौर के मैहरतला गांव के समीप बीती रात्रि एक सड़क हादसा हो गया था, जहां बाइक में 2 लोग सवार होकर जा रहे थे। बाइक अचानक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिनमें से एक व्यक्ति की गंभीर चोट लगने से घटनास्थल पर मौत हो गई थी। दूसरे व्यक्ति को भी शरीर के कई हिस्सों में चोट आई थी। सिर पर अधिक चोट होने से घंसौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक इलाज के बाद उसे जबलपुर रेफर कर दिया था। घायल का नाम भरत यादव निवासी मेहता है। वही घंसौर पुलिस द्वारा पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

16 जोड़ों ने थामा एक-दूसरे का हाथ, अधिकारी वधु पक्ष व जनप्रतिनिधि वर पक्ष से हुए शामिल

सिवनी यशोः- सिवनी जिले के आदिवासी बाहुल्य विकास खंड धनोरा में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें धनोरा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली कई पंचायतों के लड़के लड़की विवाह बन्धन में बंधे।

जनपद पंचायत के सभा कक्ष में 16 जोड़ों ने जय माला डाली। जिनमें कुछ जोड़ें हिंदू रीति रिवाज के साथ विवाह बंधन में बंधे। तो कुछ जोड़ों का विवाह गोंडी धर्म के अनुसार कराया गया। जिसके लिए दोनों ही समुदाय के विवाह कराने वाले पंडित व धर्माचार्य मौजूद रहे।

वही जनपद पंचायत धनोरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी व कर्मचारी वधू पक्ष के तरफ से कार्यक्रम में शामिल हुए। द्वारचार सहित अन्य रश्म अदायगी पूरी की। वहीं जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधि दूल्हे के तरफ से बराती बन कर विवाह स्थल पहुंचे।

विवाह संपन्न कराने के दौरान सभी जोड़ों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। धर्माचार्य प्रेम सिंह सलाम ने विवाह स्थल पर मौजूद सभी लोगों से आग्रह किया कि किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहें। क्योंकि नशा परिवार का नाश कर देता है और समाज में शर्मिंदगी का पात्र बना देता है।

साथ ही आर्थिक नुकसान भी सहन करना पड़ता है। इसलिए सभी लोग नशामुक्ति की शपथ ग्रहण करें और नशे से दूर रहें। अपने आसपास के लोगों को भी व्यसनो से दूर रहने की समझाइश दें। विवाह के बाद वर व वधु को अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने आशीर्वाद देते हुए फूल माला देकर वैवाहिक जीवन में जाने के लिए बाधाई दी।

आधार लिंकिंग एवं डीबीटी इनेबल्ड कार्यवाही का कलेक्टर ने किया अवलोकन

सिवनी यशोः- मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की पात्र महिला हितग्राहियों को प्रतिमाह 1 हजार रूपये उनके आधार लिंक्ड डीबीटी इनेबल्ड बैंक खाते में किया जाना है। कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशन में ऐसी पात्र महिला हितग्राही जिनके बैंक खाते आधार से लिंक तथा डीबीटी इनेबल्ड नहीं हैं, उनके आधार लिंकिंग के लिए कैंप आयोजित कर उक्तानुसार कार्यवाही की जा रही है।

कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल ने शुक्रवार को अपने कुरई विकासखंड के प्रवास के दौरान खवासा, कुरई, गोपालगंज एवं विकासखंड बरघाट के इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक बरघाट तथा स्टेट बैंक बरघाट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को जायजा लिया। उन्होंने उपस्थित बैंक कर्मियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहनां योजना की पात्र महिलाओं के बैंक खाते सुविधाजनक रूप से डीबीटी इनेबल्ड किये जाएं। उन्होंने बैंकों में बैठक व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाओं के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।

कुरई में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह सम्पन्न

कुरई यशोः- संचालनालय खेल एवं युवाकल्याण विभाग भोपाल के आदेशानुसार जिला खेल एवं युवा कल्याणअधिकारी के मार्गदर्शन में 05 मई से 03 जून2023 तक आयोजित 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेलकूद प्रशिक्षण शिविर का आज समापन समारोह आयोजित किया गया. इस संबंध में विस्तृतजानकारी देते हुए शिविर के संयोजक कुरई विकास खंड के युवा समन्वयक श्रीनिकेश पद्माकर ने बताया कि05 मई से प्रारंभ उक्तप्रशिक्षण शिविर में 05 वर्ष से लेकर 18 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं कोप्रतिदिन प्रातः 06:00 बजे से 7:30 बजे एवं शाम 05:00 बजे से 6:30 बजे तक नियमित व निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा था. जिसमें अग्रणी पब्लिक स्कूल मैदान, तालाब रोड़ में कबड्डी का प्रशिक्षण श्रीनरेन्द्र पवार एवं क्रीड़ा परिसर मैदान में फुटबॉल खेल का प्रशिक्षण सीयाराम उइके जी द्वारा प्रदान किया गया. जिसमें कबड्डीऔर फुटबॉल सहित 62 खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। 1 माह तक चले इस प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमदनलाल मरावी (थाना प्रभारी, कुरई), मुख्य अतिथि श्री पंकज गहरवार (असिस्टेंट प्रोफेसर, शास. महाविद्यालय, कुरई), विशिष्टअतिथि श्रीअजय सिंह परिहार (ए.एस.आई), श्री शिवेंद्र वसूलेसर (ए.एस.आई) के अतिथ्य में सम्पन्न हुआ. कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियो और प्रशिक्षको को बुके भेंट कर किया गया. इसके उपरांत कार्यक्रम के अध्यक्ष थानाप्रभारी श्रीमरावी जी ने बच्चो को संबोधित करतेहुए बताया कि मैं खुद एक एथलीट रहा हूं, औरआजभीमैदान से जुड़ा हुआ हूं उन्होंने कहा कि हमे नियमित तौर से खेलों से जुड़े रहना चाहिए क्योंकि खेलों के माध्यम से ही हमारा समुचित शारीरिक और बौद्धिक विकास होता है. वही कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर मौजूद श्री पंकज ग्रहवाल सर ने आयोजित प्रशिक्षण शिविर का सराहना करते हुए कि खेलऔर खिलाड़ियों के हित में यह एक सराहनीय प्रयास था और निश्चित ही यह प्रयास रंग लायेगाऔर कुरई विकासखण्ड से नई खेल प्रतिभा निकलेगीजोआगे चल करराष्ट्रीय एवं अतर्राष्ट्रीय स्तर पर कुरई का नाम रोशन करेगी.इसके उपरांत प्रशिक्षण शिविर में क्रमांश कबड्डी एवं फुटबॉल के प्रशिक्षक श्रीनरेन्द पवार, श्री सीयाराम उईकेजी को खेल एवं युवाकल्याण विभाग की तरफ से प्रद्त टैक्क शूट, टी-शर्ट, शूज एवं प्रशस्ति पत्र प्रदानकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम के अंत में शिविरमेंभाग लेने वाले समस्त खिलाड़ियो को प्रमाण-पत्र एवं स्वल्पाहार वितरीतकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं की गई. इस सफलआयोजन के लिए युवा समन्वयक श्री निकेश पद्माकर द्वारा कार्यक्रम मेंअपना बहुमूल्य समय निकालकर पधारे अतिथियों, प्रशिक्षकों एवं उपस्थित सभी खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया गया।

ब्रिटिश काल में निर्मित बैनगंगा नदी " पुल " के उचित रखरखाब के लिए लोकतंत्र सेंनानी ने लिखा पत्र

नगर परिषद छपारा का अपने पत्र के माध्यम से कर रहे ध्यान आकर्षित

छपारा यशोः- छपारा नगर के लोकतंत्र सेनानी नागेंद्र सिंह राजपूत ने नगर परिषद क्षेत्र मे बने ब्रिटिश कालीन पुल के उचित रख रखाव के लिए नगर परिषद सी एम ओ को पत्र लिखा हैं, जिसमे उन्होंने लिखा की छपारा नगर से सिवनी मार्ग की ओर बैनगंगा नदी पर ब्रिटिश शासन द्वारा वहां लगे शिलालेख के अनुसार 1864 में पुल तैयार कर आवागमन के लिए खोल दिया गया था, इस तरह इस पुल की आयु लगभग 158 वर्ष हो चुकी है और यह वर्तमान में भी अच्छी स्थिति में है। इस पुल से अधिकतर आस-पास के ग्रामीण दो पाहिया साईकिल एवं पैदल आवागमन करते है । सुबह एवं शाम के समय शहर के नागरिक पैदल भ्रमण कर प्राकृतिक दृश्य एवं दिवारों में बैठकर अपने आप को तरोताजा महसूस करते थे, किंतु कुछ समय पूर्व नगर परिषद के द्वारा पुल के दोनों ओर जाली लगाई जाने से लोगों का बैठना बंद हो गया, दिन रात इस पर भारी रेत गिट्टी के डम्फर एवं ट्रेक्टरों की धमाचौकड़ी होने से इस पुल के कभी भी क्षतिग्रस्त होने का खतरा एवं जाली की दूसरी ओर नदी की तरफ की दीवार पर बरगद - पीपल, जैसे वृक्ष लगे है इससे भी पुल कमजोर हो रहा है।

यह पुल नगर के पेयजल की आपूर्ति के लिए भी महत्वपूर्ण है, इसी से होकर छपारा खुर्द एवं इस पुल के बीच में बने पम्प हाऊस से पानी सप्लाई की पाईपलाईन है, जिससे आधे नगर को जल प्रदाय किया जाता है।.

इस आपाधापी भरे समय में शहर के नागरिकों को कुछ पल प्रकृति के साथ बिताने एवं इस प्राचीन धरोहर जो आज भी शहर के लिए अति महत्वपूर्ण है, इसे बचाना आवश्यक है। साथ ही इस पर से भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाकर पुल डामरी करण या सीमेंटी करण कर पुल पर लगे पुराने टेलीफोन खम्बों पर प्रकाश व्यवस्था एवं पुल के दोनों ओर बैठने के लिए बैंचों की व्यवस्था करा दें तो शहर की सुंदरता के साथ ही शहर के नागरिकों के भी इसका फायदा होगा.

अंबामाई में असामाजिक तत्व कर रहे उत्पात

असामाजिक तत्वों द्वारा गाड़ियों में तोड़फोड़

सिवनी यशोः- मां अम्बामाई देवीजी का मंदिर आमागढ सिवनी से कटंगी बालाघाट रोड पर मुख्यालय से 20 कि.मी. की दूरी पर आमागढ के पास मुख्य मार्ग से दो मि.मी. की दूरी पर जंगल में अम्बामाई का प्रसिद्ध मंदिर है।

सिवनी के दर्शनीय स्थल अंबामाई में अंबा माई मंदिर सिवनी जिले की एक मुख्य पर्यटन स्थल है। जिले के अनेक लोग दर्शन करने व पिकनिक मनाने जाते हैं. बताया जाता है कि इन दिनों आसपास के असामाजिक तत्वों द्वारा गाड़ियों में तोड़फोड़ व गाड़ियों का सामान निकाल लिया जाता है. साथ साथ टू व्हीलर गाड़ियों से पेट्रोल निकालने की बातें भी सामने आ रही हैं. यहां दर्शन व पिकनिक मनाने वाले लोगों का अब धीरे-धीरे यहां काम हो गया है. आसपास के असामाजिक तत्वों के कारण दर्शनीय स्थल मैं डर का वातावरण व्याप्त हो रहा है. प्रशासन व संबंधित विभाग से आग्रह है की इस ओर अपना ध्यान आकर्षण करें. व दर्शनीय स्थल को इन असामाजिक तत्वों से छुटकारा दिलाए.

बढ़ रही लू लगने से पीड़ितों की संख्या, रहे सावधान

मंडला यशोः- तापमान के बढ़ने के साथ ही लू लगने से लोग बीमार पड़ रहे हैं। गर्मी के दिनों में धूप में बाहर जाते समय हमेशा सफेद या हल्के रंग के ढीले सूती वस्त्रों का प्रयोग करें, भोजन करके एवं पानी पीकर ही बाहर निकलें। गर्मी के मौसम में गर्दन के पिछले भाग, कान व सिर को गमछे या तौलिए से ढ़क्कर ही धूप में निकलें, रंगीन चश्मे व छतरी का प्रयोग करें। गर्मी में हमेशा पानी अधिक मात्रा में पीयें एवं पेय पदार्थों का अधिक से अधिक मात्रा में सेवन करें, बाहर जाते समय अपने साथ पानी रखें। गर्मी के दिनों में बच्चों का विशेष ध्यान रखें, बच्चों को सिखायें कि जब भी उन्हें अधिक गर्मी महसूस हो तो वे तुरंत घर के अंदर आयें। गर्मी के दिनों में बुजुर्गों का भी विशेष ध्यान रखें, उन्हें धूप में घर से बाहर न निकलने देवें, समय-समय पर पानी पीने के लिए प्रेरित करें, सुपाच्य भोजन एवं तरल पदार्थों का सेवन करायें। गर्मी के दिनों में ठंडे मौसमी फलों का सेवन करें। तीव्र धूप को अंदर आने से रोकें।

लू से बचाव के लिए या न करें

बिना भोजन किए बाहर ना निकलें। जहां तक संभव हो, ज्यादा समय तक धूप में खड़े होकर व्यायाम मेहनत व अन्य कार्य न करें, बहुत अधिक भीड़, गर्म घुटन भरे कमरों में न जायें, रेल, बस आदि की यात्रा गर्मी के मौसम में अत्यावश्यक होने पर ही करें। गर्भवती माता, बच्चों एवं बुजुर्गों को दिन के सबसे गर्म समय जैसे- दोपहर 12 से 4 बजे तक घर के बाहर की गतिविधियों में शामिल न होने दें। धूप में बच्चों और पालतू जानवरों को गाड़ी में अकेला न छोड़ें। धूप में नंगे पांव न चलें। चाय, कॉफी, अत्यधिक मीठे पदार्थ व गैस वाले पेय पदार्थों का सेवन न करें।

लू लगने के लक्षण इस प्रकार हैं

गर्म, लाल और सूखी त्वचा, शरीर का तापमान 40 सेल्सियस या 104 फेरेंनाइट, मितली या उल्टी आना, बहुत तेज सिर दर्द, मांसपेशियों में कमजोरी या ऐंठन, सांस फूलना या दिल की धड़कन तेज हो जाना। घबराहट होना, चक्कर आना, बेहोशी और हल्का सिरदर्द।

प्राथमिक उपचार इस प्रकार दिया जाये

रोगी को तुरंत छायादार जगह पर कपड़े ढ़ीले कर लिटा दें एवं हवा करें। रोगी के बेहोश होने की स्थिति में कोई भी भोज्य, पेय पदार्थ ना दें एवं तत्काल चिकित्सा सहायता प्राप्त करें। रोगी के होश में आने की दशा में उसे ठंडे पेय पदार्थ, जीवन रक्षक घोल, कच्चा आम का शर्बत (पना) आदि दें। रोगी के शरीर का ताप कम करने के लिए संभव हो तो उसे ठंडे पानी से स्नान कराएं या उसके शरीर पर ठंडे पानी की पट्टियाँ रखकर पूरे शरीर को ढक दें।

लापरवाही के चलते तत्कालीन शाखा प्रबंधक निलंबित

मंडला यशोः- प्रबंध संचालक म.प्र. वेयरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन द्वारा शाखा प्रबंधक मध्यप्रदेश वेयरहाउस लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन शाखा नैनपुर (मंडला) की हैसियत से पदस्थी के दौरान उज्जवल प्रताप सिंह तोमर, कनिष्ठ सहायक को दोषपूर्ण, अनियमित एवं लापरवाहीपूर्ण कार्यशैली के चलते तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। विदित हो कि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नैनपुर एवं सदस्य द्वारा की गई जाँच एवं प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर मंडला द्वारा श्री तोमर के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए प्रस्ताव भेजा गया था। निलंबन अवधि में श्री तोमर को जीवननिर्वाह भत्ता देय होगा।

ग्रीष्मकालीन सत्र ड्यूटी लगाने के आदेश जारी

जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन के अंतर्गत ग्रीष्मकालीन सत्र 2023 हेतु

मंडला यशोः-अपर कलेक्टर से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला आपदा प्रबंधन के अंतर्गत ग्रीष्मकालीन सत्र 2023 हेतु जनसामान्य को लू-(तापघात) के प्रकोप से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं, पेयजल समस्या एवं विद्युत समस्याओं के संबंध में जनसामान्य से प्राप्त शिकायतों एवं उनके समुचित निराकरण हेतु कार्यालय कलेक्टर मण्डला के अधीक्षक कक्ष में स्थापित जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन कन्ट्रोल रूम (दूरभाष क्रमांक-07642-251079) में जिलेभर से प्रतिदिन प्राप्त समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु सहायक ग्रेड-3 लोक निर्माण विभाग संभाग भरतलाल झारिया मण्डला की ड्यूटी 23 मई 2023 से 15 जून 2023 तक दिनों एवं समय के लिये लगाई गई थी। अपर कलेक्टर ने भरतलाल झारिया की ड्यूटी निरस्त करते हुये इनके स्थान पर विजय झारिया भृत्य (मो.नं. 9244061953) कार्यालय वाणिज्यकर अधिकारी मण्डला की 30 मई 2023 से 15 जून 2023 तक ड्यूटी लगाने के आदेश जारी कर दिए हैं।

महिलाओं की दिलाई कांग्रेस की सदस्यता

मंडला यशोः- महिला उत्पीड़न निवारण प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती रोहिणी स्वरूप ग्राम मोहन टोला में महिलाओं को कांग्रेस में सदस्यता दिलाई एवं जिसमें महिलाओं की एक बैठक रखी गई जिसमें महिलाएं एवं अन्य महिलाओं को कांग्रेसमें सदस्यता दिलाई ब्लॉक अध्यक्ष रोहणी स्वरूप ने महिला नारी सम्मान योजनाओं के बारे में बताया और इस योजनाओं का लाभ उठाने को कहां यह नारी सम्मान का अधिकार है इसलिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपना फार्म भरवाए और बताय की, मुझे कांग्रेस पार्टी ने इस प्रकोष्ट का ब्लाक अध्यक्ष इस लिऐ बनाया हैं की महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के बारे में चर्चा कर महिलाओं को निर्देश दिया की अगर किसी महिला पर अत्याचार हो रहा है तो एक होकर सब महिला उस अत्याचार के खिलाफएक साथ में मिलकर उसक विरोध करेगें और सब एकजुट होकर कांग्रेस का साथ दें जिससे ज्यादा से ज्यादा संख्या में प्रभावित होकर कांग्रेस में जोड़ने को कहा।

पेंशनर्स एसोसिएशन ने सेवा निवृत्त शिक्षक व पर्यावरणविद् राजेश क्षत्री को सम्मानित किया

मंडला यशोः-जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय मण्डला से सेवा निवृत्त हुये व बहुप्रतिभा के धनी, पर्यावरण के संरक्षण व उन्नयन के लिए समर्पित राज्यपाल से पुरूस्कृत राजेश क्षत्री को पेंशनर्स एसोसिएषन म.प्र. भोपाल जिला शाखा मण्डला के अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार जैन व तहसील अध्यक्ष नागेन्द्रनाथ चौरसिया के द्वारा शाल व गिफ्ट भेंट कर सम्मानित किया गया। राजेश क्षत्री ने पेशनर्स एसोसिएशन की आजीवन सदस्यता भी ग्रहण की तथा संकल्प लिया कि वे पेंषनरों के हितार्थ कार्य करेंगे। सुरेन्द्र कुमार जैन अध्यक्ष ने शासकीय सेवा में रहते हुये उनके समर्पित उत्कृष्ट कार्यो की याद करते हुये सेवा निवृत्ति के बाद की दूसरी पाली में नयी पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता प्रदान करने व पेंशनरों को भी इस अभियान में जोड़ने की भावना व्यक्त किया।

राजेश क्षत्री ने युवाओं की पर्यावरण के प्रति जागरूकता, शैक्षणिक उन्नयन, पवित्र नर्मदा के तटों को गंदगीरहित, पॉलीथिनरहित करने के कार्यक्रमों व वृक्षारोपण के लिए अपनी भावी कार्ययोजना का उल्लेख किया तथा पेंशनरों को भी उनकी रूचि के अनुरूप भागीदारी सुनिश्चित करने अपनी भावनाओं को व्यक्त किया।

जिले के पुलिस विभाग में एसपी ने किए ताबड़तोड़ तबादले

मंडला जिले में पुलिस व्यवस्था पर उठ रहे सवाल के बाद एसपी ने निरीक्षकों और उप निरीक्षकों के तबादले किए हैं।

मंडला यशोः- जिले में लगातार बिगड़ रही पुलिसिंग व्यवस्था और अपराधियों के बढ़ते हौसलों ने शांतिप्रिय जिले की आबोहवा को बिगाड़ दिया है। पुलिस पर उठ रहे सवालों के बाद एसपी ने जिले में तापड़तोड़ तबादले कर दिए हैं। अपराधी जिस तरह से आए दिन खुलेआम अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। इससे जिलेवासियों के मन में भय व्याप्त हो गया है और पुलिस व्यवस्था से विश्वास उठने लगा है। चाहे लूट खसोट हो अथवा चोरी। जुआ, सट्टा, शराब का काला कारोबार हो या फिर अन्य अपराधिक मामले। इनके लगातार बढ़ने से पुलिस की व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह उठने लगे हैं। यही कारण है कि बिगड़ती स्थिति को सुधारने के लिए पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने जिले की पुलिस व्यवस्था में कई तबादले कर दिए हैं। जिले में दो निरीक्षकों तथा पांच उप निरीक्षकों का तबादला किया गया है।

इनके हुए तबादले

पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली प्रभारी, निरीक्षक जनक सिंह रावत को रक्षित केंद्र भेज दिया गया है। इनके स्थान पर अंजनिया चौकी प्रभारी उप निरीक्षक जसवंत सिंह राजपूत को कोतवाली थाना प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। महिला सुरक्षा शाखा में पदस्थ निरीक्षक वर्षा पटेल को थाना प्रभारी यातायात का दायित्व दिया गया है। थाना कोतवाली में पदस्थ उप निरीक्षक कामेश धूमकेती को चौकी प्रभारी लिंगा पौड़ी, थाना बीजाडांडी में पदस्थ उपनिरीक्षक पंकज विश्वकर्मा को चौकी प्रभारी अंजनिया, थाना यातायात में पदस्थ राजेंद्र सिलेवार को चौकी प्रभारी पांडीवारा, चौकी प्रभारी पांडीवारा में पदस्थ उप निरीक्षक गोविंद सिंह राजपूत को रक्षित केंद्र मंडला भेजा गया है।

मोबाइल चोरी करने वालों को पुलिस ने किया गिरफ्तार,

8 लाख की लूट का कब होगा खुलासा

मंडला यशोः- सिटी कोतवाली पुलिस ने दो मोबाईल चोरों को पकड़ा है। पुलिस को सूचना मिली थी कि दो युवक मोबाईल का लॉक तुड़वाने के लिए घूम रहे हैं, पुलिस ने तत्काल दोनों युवकों को पकड़कर पूछताछ की तो उन्होंने चोरी करना कबूल कर लिया। वहीं इस सफलता के बाद हाल ही में ही 8 लाख की लूट के आरोपियों को भी जल्द पकड़े जाने की उम्मीदें पुलिस से बढ़ गई हैं।

दुकान की छत से घुसे चोर

थाना कोतवाली अंतर्गत फरियादी मयूर परवानी निवासी सुभाष वार्ड मंडला ने रिपोर्ट किया था कि उसके सब्जी मंडी हागगंज बाजार में स्थित साई मोबाइल नाम से मोबाइल सुधारने की दुकान में 1 जून की रात में कोई अज्ञात चोर दुकान का टीन सेट तोड़कर मोबाइल चोरी कर ले गया रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में धारा 457, 380 अज्ञात आरोपी के विरुद्ध कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया था। पुलिस सूचना मिली की दो संदिग्ध व्यक्ति मोबाइल लेकर मोबाइल का लॉक तोड़ने के लिए एक दुकान पर आए हैं सूचना की तस्दीक पर दोनों संदिग्धों को पकड़कर पूछताछ करने पर चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किये, जिनसे चोरी गए चार मोबाइलों कीमती करीब 35000 एवं चोरी करने में इस्तेमाल लोहे का सरिया जब्त किया जाकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिन्हें न्यायालय पेश किया जा रहा है, गिरफ्तार आरोपियों में एक अभ्यस्त अपराधी है जिसके विरुद्ध थाना कोतवाली में धारा 457, 380 का पंजीबद्ध है उक्त आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है। इस कार्यवाही एसडीओपी मंडला अश्विनी कुमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली जसवंत सिंह राजपूत, एएसआई गुलजार सिंह मार्को, प्रधान आरक्षक उमाकांत कुमरे, अमित, राजकुमार पूशाम, रामचंद्र एवं साइबर सेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

Real Facts
I'm Here
मोबाइल चोरी या गुम हो जाने पर क्या करे ?

कबीरदास की जयंती मनाई

मंडला यशोः- संत सिरोमानी कबीर दास जी की जयंती पर फूलसागर में आयोजित शोभा यात्रा में शामिल होकर कबीर पंथ के सभी अनुयायियों को बधाई शुभकामनाएं दी। कबीरदास जी एक ऐसे संत विचारक कवि दार्शनिक थे जिन्होंने हर सामाजिक नीतियों कुरीतियों व्यवस्था पर अपने वक्तव्य दिए, उनकी कविताओं का संग्रह और संदेश आज की सबसे बड़ी धरोहर है, कबीरदास जी विचार कविता पढ़ने समझने और विचारों को अपनाने की है दुनिया में भारी संख्या है और यह संख्या कबीर पंथ के अनुयायियों की विचारकों की संख्या बढ़ती जा रही है।

मवई में आयुष मेला स्वास्थ्य शिविर आज

मंडला। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मवई में 5 जून 2023 को आयुष मेला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। क्षेत्रवासियों से शिविर में उपस्थित होकर स्वास्थ्य लाभ लेने का आग्रह किया गया है।

संचालक सैनिक कल्याण विभाग ने सुनी भूतपूर्व सैनिकों की समस्याऐं

सिवनी यशोः- जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सिवनी ग्रुप कैप्टन अमिताभ रावत (से.नि.) द्वारा जानकारी देते हुए बतया गया कि विगत 30 मई 2023 को संचालक सैनिक कल्याण विभाग ब्रिगेडियर अरूण नायर ने अपने जिले में प्रवास के दौरान भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके अश्रितों की समस्याओं को विस्तार से सुना। उन्होंने आवेदकों को उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए आश्वस्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए।

कथक नृत्य एवं चित्रकला कार्यशाला में बड़ी संख्या में शामिल हो रहे प्रतिभागी

रजा फाउंडेशन द्वारा रजा कला वीथिका में 1 मई से शुरू की गई थी कार्यशाला

मंडला यशोः- रजा फाउंडेशन के सदस्य सचिव संजीव चौबे ने बताया कि स्थानीय जिला न्यायालय के सामने स्थित रजा कला वीथिका में रजा फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा कथक नृत्य एवं चित्रकला कार्यशाला की शुरुआत 1 मई से की गई थी। यह कार्यशाला 30 जुलाई तक चलेगी। सुबह 8.30 से सुबह 10.30 बजे तक कथक नृत्य की कार्यशाला चल रही है तो शाम को 4.30 से शाम 6.30 बजे तक चित्रकारी के गुर सिखाए जा रहे है। प्रशिक्षित नृत्यंगना रानू चंद्रौल कथक और प्रसिद्ध स्थानीय चित्रकार अशोक सोनवानी चित्रकला कार्यशाला में ट्रेनिंग दे रहे है। इसमें बच्चों का उत्साह देखते ही बनता है। बड़ी संख्या में कथक और चित्रकला की ट्रेनिंग बच्चे ले रहे है।

कथक नृत्य सीखने वालों की संख्या प्रतिदिन बढ़ रही है। ऐसे में नए प्रतिभागी जिन्होंने शुरू से क्लास ज्वाइन नहीं की है उन्हें कोई परेशानी न हो, इसे देखते हुए 2 जून से कथक नृत्य की एक और क्लास, रजा कला वीथिका में शुरू की गई है। यह क्लास शाम 4 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। इस क्लास की ट्रेनर मंशा प्रधान रहेंगी जो बच्चों को कथक नृत्य की ट्रेनिंग देंगी। इस कार्यशाला में शामिल होने के लिए दीपमानी खैरवार से कार्यशाला के समय रजा कला वीथिका में और अन्य समय उनके मोबाइल नंबर 8518856384 पर संपर्क किया जा सकता है।

गर्मी के दिनो में स्वास्थ के प्रति रखे विशेष ध्यान

लू-तापघात के लिये एडवायजरी

मंडला यशोः- गर्मी के दिनों में धूप में बाहर जाते समय हमेशा सफेद या हल्के रंग के ढीले सूती वस्त्रों का प्रयोग करें, भोजन करके एवं पानी पीकर ही बाहर निकलें। गर्मी के मौसम में गर्दन के पिछले भाग, कान व सिर को गमछे या तौलिए से ढ़क्कर ही धूप में निकलें, रंगीन चश्मे व छतरी का प्रयोग करें। गर्मी में हमेशा पानी अधिक मात्रा में पीयें एवं पेय पदार्थों का अधिक से अधिक मात्रा में सेवन करें, बाहर जाते समय अपने साथ पानी रखें। गर्मी के दिनों में बच्चों का विशेष ध्यान रखें, बच्चों को सिखायें कि जब भी उन्हें अधिक गर्मी महसूस हो तो वे तुरंत घर के अंदर आयें। गर्मी के दिनों में बुजुर्गों का भी विशेष ध्यान रखें, उन्हें धूप में घर से बाहर न निकलने देवें, समय-समय पर पानी पीने के लिए प्रेरित करें, सुपाच्य भोजन एवं तरल पदार्थों का सेवन करायें। गर्मी के दिनों में ठंडे मौसमी फलों का सेवन करें। तीव्र धूप को अंदर आने से रोकें। बिना भोजन किए बाहर ना निकलें। जहां तक संभव हो, ज्यादा समय तक धूप में खड़े होकर व्यायाम मेहनत व अन्य कार्य न करें, बहुत अधिक भीड़, गर्म घुटन भरे कमरों में न जायें, रेल, बस आदि की यात्रा गर्मी के मौसम में अत्यावश्यक होने पर ही करें। गर्भवती माता, बच्चों एवं बुजुर्गों को दिन के सबसे गर्म समय जैसे- दोपहर 12 से 4 बजे तक घर के बाहर की गतिविधियों में शामिल न होने दें। धूप में बच्चों और पालतू जानवरों को गाड़ी में अकेला न छोड़ें। धूप में नंगे पांव न चलें। चाय, कॉफी, अत्यधिक मीठे पदार्थ व गैस वाले पेय पदार्थों का सेवन न करें। गर्म, लाल और सूखी त्वचा, शरीर का तापमान 40 सेल्सियस या 104 फेरेंनाइट, मितली या उल्टी आना, बहुत तेज सिर दर्द, मांसपेशियों में कमजोरी या ऐंठन, सांस फूलना या दिल की धड़कन तेज हो जाना। घबराहट होना, चक्कर आना, बेहोशी और हल्का सिरदर्द। रोगी को तुरंत छायादार जगह पर कपड़े ढ़ीले कर लिटा दें एवं हवा करें। रोगी के बेहोश होने की स्थिति में कोई भी भोज्य, पेय पदार्थ ना दें एवं तत्काल चिकित्सा सहायता प्राप्त करें। रोगी के होश में आने की दशा में उसे ठंडे पेय पदार्थ, जीवन रक्षक घोल, कच्चा आम का शर्बत (पना) आदि दें। रोगी के शरीर का ताप कम करने के लिए संभव हो तो उसे ठंडे पानी से स्नान कराएं या उसके शरीर पर ठंडे पानी की पट्टियाँ रखकर पूरे शरीर को ढक दें।

रेत से भरे ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौके पर पति की मौत, महिला घायल

मंडला यशोः- रेत से भरे ओवरलोडेड वाहन ने शुक्रवार की सुबह बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। हादसे में युवक ने दम तोड़ दिया, जबकि पत्नी घायल हो गई है। युवक अपनी बीमार पत्नी का उपचार के लिए नारायणगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गया था। लौटते समय गलत ओर से बेलगाम भागते आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। आक्रोशित ग्रामीणों ने मंडला जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर चक्का जाम लगा दिया। पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन उसे दोपहर 1.30 बजे तक हटा न पाया। जबलपुर से मंडला आने वाली और मंडला से जबलपुर जाने वाले सभी वाहनों को रूट चेंज करके उनका आवागमन निर्धारित करना पड़ा। धनराज पिता रामचरण, उम्र 32 वर्ष निवासी गढ़ार, अपनी पत्नी कलावती को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणगंज से घर वापस लौट रहा था। हादसे की सूचना मिलते ही गढार गांव के लोग भी घटनास्थल पर पहुंच गए। तेजी से बिगड़ते हालात को देखकर पहले टिकरिया पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा को सूचित किया गया और जिला मुख्यालय से एडिशनल एसपी गजेंद्र सिंह कंवर मौके पर पहुंचे। दोपहर 1रू30 बजे तक एडिशनल एसपी और उनकी टीम भी चक्का जाम को हटाने में कामयाब नहीं हो पाई। ग्रामीणों का कहना था कि मुख्य मार्ग पर स्पीड ब्रेकर बनवाया जाए और तेज गति से भागते वाहनों पर नियंत्रण किया जाए और उन पर सख्त कार्रवाई की जाए। एडिशनल एसपी गजेंद्र सिंह कंवर ने बताया कि वाहनों को धीरे-धीरे आगे बढ़वाया जा रहा है। सभी वाहनों को फूल सागर तिराहा से होते हुए बबलिया रूट से मंडला और मंडला से जबलपुर की ओर रवाना किया गया। रूट बदले जाने से सभी वाहन चालकों को लगभग 23 किलोमीटर दूरी का अतिरिक्त सिंगल लेन रोड से गुजरना पड़ा। यही कारण है कि सभी बस एवं अन्य वाहन डेढ़ घंटे देरी से अपने गंतव्य तक पहुंचे। जानकारी के अनुसार, ट्रक चालक को पुलिस ने अपनी गिरफ्त में ले लिया है और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। धनराज की घायल पत्नी कलावती को नारायणगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। कलावती की हालत में सुधार बताया जा रहा है।

सिटी कोतवाली प्रभारी रक्षित केन्द्र भेजे गए अब जसवंत सिंह होंगे कोतवाली प्रभारी

हाल ही में 8 लाख की लूट के चलते स्थानांतरण की चर्चा

मंडला यशोः- पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली प्रभारी, निरीक्षक जनक सिंह रावत को रक्षित केंद्र भेज दिया गया है। इनके स्थान पर अंजनिया चौकी प्रभारी उप निरीक्षक जसवंत सिंह राजपूत को कोतवाली थाना प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। महिला सुरक्षा शाखा में पदस्थ निरीक्षक वर्षा पटेल को थाना प्रभारी यातायात का दायित्व दिया गया है। थाना कोतवाली में पदस्थ उप निरीक्षक कामेश धूमकेती को चौकी प्रभारी लिंगा पौड़ी, थाना बीजाडांडी में पदस्थ उपनिरीक्षक पंकज विश्वकर्मा को चौकी प्रभारी अंजनिया, थाना यातायात में पदस्थ राजेंद्र सिलेवार को चौकी प्रभारी पांडीवारा, चौकी प्रभारी पांडीवारा में पदस्थ उप निरीक्षक गोविंद सिंह राजपूत को रक्षित केंद्र मंडला भेजा गया है।

आठ लाख की लूट चर्चा में

गौरतलब है कि 31 मई की भरी दोपहरी में थाना कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र राजीव कॉलोनी में दिनदहाड़े लूट को अंजाम दिया गया था। बाइक पर सवार दो युवकों ने शासकीय अधिकारी रोहित मरावी से 8 लाख रुपये लूट लिए जो वह बैंक से आहरित करके निकले थे। गौरतलब है कि लूट के आरोपी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से दूर है। मामले में किसी भी तरह की सख्त कार्रवाई नहीं हो पाने से कोतवाली थाना प्रभारी के खिलाफ पूरे शहर में आक्रोश उत्पन्न हो रहा था। हालांकि जनक सिंह रावत को लाइन अटैच किए जाने की कार्यवाही को इस लूट से अधिकारिक रूप से नहीं जोड़ा गया है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा, नवीन प्रिंटर्स बीँझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी
yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297